दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर उत्तर प्रदेश

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश का लक्ष्य **3-4 वर्षों में दाल उत्पादन में आत्मनिर्भर होना है,** जिसमें वर्ष 2016 से 36% की वृद्धि हुई है। सरकार **अरहर, उड़द और मूंग की खेती** पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

मुख्य बिंदु:

- वर्ष 2016-2017 से वर्ष 2023-2024 के दौरान दालों का उत्पादन 2.394 मिलियन मीट्रिक टन से बढ़कर 3.255 मिलियन मीट्रिक टन हो गया।
  - दलहन उत्पादन बढ़ाने के लिये राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अंतर्गत 27,200 हेक्टेयर क्षेत्र में फसल प्रदर्शन आयोजित किये जाएंगे।
  - **31,553 क्विंटल बीज वितरण** तथा **27,356 क्विंटल प्रमाणित बीज उत्पादन** का लक्ष्य रखा गया है।
- **बाज़ार में दलहनी फसलों की उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिये** सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (Minimum Support Price- MSP) पर इन सभी फसलों की खरीद भी सुनिश्चित कर रही है।
- सूत्रों के अनुसार **बुंदेलखंड के प्रमुख दलहन उत्पादन जिलों बाँदा, महोबा, जालौन, चित्रकूट और ललितपुर में आदर्श दलहन गाँव विकसित** किये जाएंगे।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन(National Food Security Mission- NFSM)

- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन(National Food Security Mission- NFSM) **एक केंद्र प्रायोजित योजना** है जिसे **राष्ट्रीय विकास परिषद (National Development Council- NDC)** की कृषि उप-समिति की सिफारिशों के आधार पर वर्ष 2007 में शुरू किया गया था।
- समिति ने **उन्नत कृषि विस्तार सेवाओं, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और विकेंद्रीकृत योजना की आवश्यकता** पर बल दिया, जिसके परिणामस्वरूप राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (NFSM) को एक मिशन मोड कार्यक्रम के रूप में संकल्पित किया गया।

न्यूनतम समर्थन मूल्य (Minimum Support Price- MSP)

- न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) **वह गारंटीकृत राशि है जो सरकार द्वारा किसानों की उपज खरीदने पर उन्हें दी जाती** है।
- न्यूनतम समर्थन मूल्य कृषि लागत और मूल्य आयोग (Commission for Agricultural Costs and Prices- CACP) की सिफारिशों पर आधारित है, **जो उत्पादन लागत, मांग तथा आपूर्ति, बाज़ार मूल्य प्रवृत्तियों, अंतर-फसल मूल्य समता आदि जैसे विभिन्न कारकों** पर विचार करता है।
  - कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP) **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय** का एक संबद्ध कार्यालय है। यह जनवरी 1965 में अस्तित्व में आया।
- भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (Cabinet Committee on Economic Affairs- CCEA) **न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के स्तर पर अंतिम निर्णय (अनुमोदन) लेती है।**
- न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) का उद्देश्य **उत्पादकों को उनकी उपज के लिये लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करना** और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-to-become-self-sufficient-in-pulse-production